<u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

<u>शुद्धि पत्र संख्या – 03/2021–22</u>

क्रमांक : प. 7 (08)परीक्षा/ RAS&RTS/RPSC/EP-I/2020–21/96 **दिनांक : 02.08.2021**

आयोग के विज्ञापन संख्या संख्या 03/परीक्षा/RAS-RTS/2021—22 दिनांक 20.07.2021 द्वारा कार्मिक (क–4/2) विभाग के लिए राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के कुल 988 पद विज्ञापित किये गये थे। राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 01.08.2021 के अनुसार केवल राजस्थान राज्य के भूतपूर्व सैनिक मूल निवासियों को ही भूतपूर्व सैनिक वर्ग का लाभ दिया जाना है। अतः उक्त विज्ञापन के पृष्ठ संख्या–3 पर अंकित नोट के बिन्दु संख्या–8 को अब निम्नानुसार पढ़ा जावें "**<u>कार्मिक (क–2) विभाग, राजस्थान सरकार की अधिसूचना क्रमांक प.5(18)कार्मिक/क–2/84 पार्ट 4 दिनांक 01.08.2021 के अनुसार राजस्थान सिविल सेवा (भूतपूर्व सैनिकों का आमेलन) नियम, 1988</u>** <u>के अन्तर्गत भूतपूर्व सैनिकों को देय लाभ,</u> **<u>राजस्थान राज्य के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिकों को ही देय होगा</u>**" विज्ञापन की शेष शर्ते यथावत रहेगी। उक्त विज्ञापन के तहत् अब ऑनलाईन आवेदन अवधि दिनांक 04.08.2021 से दिनांक 02.09.2021 को रात्रि 12:00 बजे तक रखी गई है। **उक्त ऑनलाईन आवेदन की अवधि के पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अतः अभ्यर्थी यथा समय अपना ऑनलाईन आवेदन भरना सुनिश्चित करें।**

(शुभम् चौधरी)
सचिव